**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**भारत सरकार**

**महत्वपूर्ण घटनाक्रम का सारांश- अगस्त, 2023**

1. **माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां**:

   अनुलग्नक-I में दी गई हैं।

2. **व्यापक अंतर मंत्रालयी विचार-विमर्श/विलंब आदि के कारण रुके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत पहलू/मामले आदि**:

   शून्य।

3. **मंत्रालय में तीन महीने से अधिक समय से लंबित अभियोजन के लिए स्वीकृति के मामले**:

   शून्य।

4. **ऐसे मामलों का विवरण जिसमें सरकार के कार्य व्यवहार या स्थापित नीति में छूट दी गयी है**:

   शून्य

5. **चालू स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति):**

   परिसर की सामान्य सफाई।

6. **स्वायत्त निकायों के पुनर्गठन की स्थिति:**

   मंत्रिमंडल ने दिनांक 13 जुलाई, 2022 को हुई अपनी बैठक में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन 5 स्वायत्तशासी निकायों का एक स्वायत्तशासी निकाय में विलय करने के लिए अपना अनुमोदन दे दिया। इसे लागू करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

7. **प्रशासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित उपकरणों और अनुप्रयोगों के उपयोग के लिए मंत्रालय द्वारा किए गए विशिष्ट उपायों के संबंध में सूचना:**

   समुद्र की सतह का तापमान और क्लोरोफिल जैसे उपग्रह से प्राप्त किए गए मापदंडों का उपयोग करके मछली पकड़ने के संभावित क्षेत्र की परामर्शिकाएं जारी की जाती हैं। इसके अलावा, अल्पावधि और मध्यम अवधि के मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए ग्लोबल सैटेलाइट के डेटा का सतत रूप से उपयोग किया जाता है।

8. **स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति की स्थिति:**

   इस बात की पुष्टि की जाती है कि मंत्रालय/विभाग और उसके संगठनों के मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के दायरे में आने वाले सभी पदों का ब्यौरा एवीएमएस पर अद्यतन किया गया है और इसका ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

9. **ऐसे मामलों की सूची जिनमें मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है**:

   इस बात की पुष्टि की जाती है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्देशों का अनुपालन किया गया है।

10. **माह के दौरान पास कर दिए गए एफडीआई प्रस्तावों का विवरण तथा मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति** :

    लागू नहीं।

*******

**अनुलग्नक-I**

**लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां:**

- माननीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जी ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के प्रत्येक संस्थान की अनुसंधान कार्य योजनाओं पर चर्चा करने के लिए 21 अगस्त 2023 को एक बैठक की अध्यक्षता की।

- हिंद महासागर क्षेत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र महासागर दशक सहयोगात्मक केंद्र (DCC-IOR) 23 अगस्त, 2023 को भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS) में लॉन्च किया गया था।

- ओशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (OSICON 23) का आठवां राष्ट्रीय सम्मेलन 23 - 25 अगस्त 2023 के दौरान भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS), हैदराबाद में आयोजित किया गया था।

- भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र द्वारा विशाखापत्तनम में एक तटीय जल गुणवत्ता बुयो तैनात किया गया।

- भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र को संख्यात्मक समुद्री तरंग पूर्वानुमान और वैश्विक संख्यात्मक समुद्री पूर्वानुमान के लिए विश्व मौसम विज्ञान संगठन-क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्र (WMO-RSMC) के रूप में नामित किया गया था।

- आजादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में, भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र द्वारा अगस्त में 'महासागर सूचना और परामर्शिका सेवाओं पर तीन मेगा जागरूकता अभियान' आयोजित किए गए थे। दीघा में अभियान के एक भाग के रूप में, भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र के "तटीय स्टेशन" का उद्घाटन किया गया तथा तटीय वेधशाला और आउटरीच केंद्र (COOC), विद्यासागर विश्वविद्यालय का शुभारंभ किया गया।

- सोलापुर में सी-बैंड रडार को चालू कर दिया गया है।

- पूरे देश में सितंबर 2023 में मासिक वर्षा सामान्य (दीर्घकालिक औसत (एलपीए) का 91-109%) होने की संभावना है।

- वर्तमान में, भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र पर कमजोर अल नीनो की स्थिति बनी हुई है।

- दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ क्षेत्रों और पश्चिम मध्य भारत के कुछ भागों को छोड़कर, जहां सामान्य से लेकर सामान्य से कम अधिकतम तापमान रहने की संभावना है, देश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

- अगस्त 2023 के दौरान, पूरे देश में 162.7 मिमी वर्षा (कम वर्षा) हुई, जो इसके दीर्घावधि औसत (एलपीए) 254.9 मिमी से 36% कम है।

- अगस्त 2023 के दौरान, देश में मुख्य रूप से हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, असम और मेघालय, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, बिहार, ओडिसा और पूर्वी मध्य प्रदेश में एक असाधारण भारी वर्षा (> 204.4 मिमी वर्षा) की घटना दर्ज की गई।

- समुद्री सजीव संसाधन एवं पारिस्थितिकी केन्द्र (CMLRE) द्वारा केरल में 2 मत्स्य बंदरगाहों (कालामुक्कू और सक्थिकुलंगरा) और अंडमान में 1 बंदरगाह से कुल 197 मछली और अकशेरुकी जीवों के नमूने एकत्र किए गए।

- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने दोनों संगठनों के बीच अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए 4 मई 2023 को भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान पुणे (IISER), पुणे के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।

- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दोनों संस्थानों के बीच अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए 12 अगस्त 2023 को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

निर्णय/अनुमोदन की आवश्यकता वाला कोई भी मामला मंत्रिमंडल के समक्ष लंबित नहीं था।

न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन;

- किसान पोर्टल और सरकारी निजी सहभागिता मोड के माध्यम से देश में एस.एम.एस और आईवीआर प्रौद्योगिकी के जरिए उपयोक्ता समुदायों के लिए एग्रोमेट परामर्शिकाओं का प्रसारण जारी है। वर्तमान में, देश में लगभग 7.6 मिलियन किसान सीधे ही परामर्शिकाएं प्राप्त कर रहे हैं।
- राज्य सरकार के अधिकारियों/ आपदा संबंधी अधिकारियों/केंद्र सरकार के संगठनों/जन सामान्य को मोबाइल के माध्यम से प्रतिकूल मौसम के बारे में एसएमएस से चेतावनियां भेजी जा रही हैं।
- राज्य प्राधिकरणों, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया सहित सभी प्रयोक्ताओं को ईमेल के माध्यम से कई शहरों के लिए चेतावनी और शहर पूर्वानुमान के साथ-साथ दैनिक पूर्वानुमान प्रसारित किये जाते हैं।

**वायु मंडलीय प्रेक्षण प्रणाली नेटवर्क**

| प्रेक्षण का प्रकार | अब तक चालू किए गए | महीने के दौरान स्थापित। | डेटा रिपोर्टिंग। |
|---|---|---|---|
| स्वचालित मौसम स्टेशन (AWS) | *491 | -- | 491 |
| स्वचालित वर्षा मापक (ARG) | **447 | -- | 447 |
| एग्रो एडब्ल्यूएस | 200 | -- | 193 |
| जीपीएस सोंडे आधारित आरएस/आरडब्ल्यू स्टेशन | 56 | -- | 56 |
| डॉपलर मौसम रडार | ***40 | -- | 35 |
| ओजोन (ओजोन सोंदे+कुल ओजोन) | 02 | -- | 02 |
| सतह ओजोन (विद्युत-रासायनिक सांद्रता सेल विधि) | 07 | -- | 05 |
| नेफेलोमीटर | 12 | -- | 09 |
| स्काई रेडियोमीटर | 20 | -- | 17 |
| ब्लैक कार्बन मॉनिटरिंग सिस्टम (अथैलोमीटर) | 25 | -- | 19 |
| वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (सफर) | 10 (दिल्ली)<br>10 (मुंबई)<br>10 (अहमदाबाद) | -- | 09 (दिल्ली)<br>****शून्य (मुंबई)<br>शून्य (अहमदाबाद) |
| हाइड्रोमैट (भारत मौसम विज्ञान विभाग एवं एडब्ल्यूएस एवं एआरजी को छोडकर अन्य | --- | -- | 3142 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग) | | | |
| विमानन | 99 | -- | 99 |
| रेडिएशन स्टेशन | 47 | --- | 47 |

* स्थापित किए गए कुल 808 में से 317 पुराने हैं।
** स्थापित किए गए कुल 1382 में से 935 पुराने हैं।
***भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के दो डॉप्लर मौसम रडार सहित।
****फर्म के साथ अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया है।

**मॉडलिंग**

अगस्त, 2023 के दौरान, हर सप्ताह गुरुवार को, बारिश, सतह के तापमान और हवाओं (पूर्ण क्षेत्रों और विसंगतियों) के लिए चार सप्ताह के लिए राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, युग्मित मॉडल आधारित विस्तृत पूर्वानुमान (ईआरपी) (i) आईएमडी के दीर्घ अवधि के पूर्वानुमान और कृषि-मौसम प्रभाग, (ii) भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) ईआरपी समूह, (iii) अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (SAC), (iv) डिफेंस जियो-इनफोर्मेटिक्स रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट (DGRE), (v) भारतीय वायु सेना (IAF), (vi) भारतीय नौसेना, (vii) जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (GSI), (viii) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी (NIH), (ix) आईएमडी के सभी प्रादेशिक केंद्र और (x) बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) देशों के मौसम विभागों को रियल टाइम में प्रदान किए गए । इसके अतिरिक्त, हिमपात के पूर्वानुमान रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा भारतीय वायु सेना को उपयोग के लिए उपलब्ध करवाए गए। माह के अंतिम गुरुवार अर्थात् 31 अगस्त, 2023 को अगस्त, 2023 के लिए मान्य मासिक औसत पूर्वानुमान भी उपयोक्ताओं के लिए शामिल किए गए थे।

**मासिक मौसम सारांश (अगस्त 2023)**

**क) माह के दौरान महत्वपूर्ण मौसम संबंधी घटनाएं**

<u>निम्न दबाव प्रणालियाँ:</u>

कुल 5 पश्चिमी विक्षोभ (**WD**) (1-6**,** 7-9**,** 13-16**,** 16-20 और 21-30 अगस्त 2023) ने उत्तर भारत के मौसम को प्रभावित किया। अरब सागर से दक्षिणी/दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के कारण मुख्य रूप से 7-16 अगस्त और 21-22 अगस्त के दौरान बहुत भारी से अत्यधिक भारी वर्षा और बाढ़ आई। 29 जुलाई को उत्तरी ओडिशा और इससे सटे गांगेय पश्चिम बंगाल पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना। इसके प्रभाव से इस क्षेत्र पर कम दबाव का क्षेत्र बन गया। सिस्टम और इसके अवशेष चक्रवाती परिसंचरण के कारण 31 जुलाई से 8 अगस्त के दौरान भारत के पूर्वी और मध्य भागों (ओडिशा**,** झारखंड**,** छत्तीसगढ़**,** मध्य प्रदेश**,** बिहार और गांगेय पश्चिम बंगाल) में तीव्र वर्षा हुई और इन क्षेत्रों की नदियों में अचानक बाढ़ आई।

**ख) वर्षा परिदृश्य:**

अगस्त-2023 के महीने में पूरे देश में 162.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो कि इसकी दीर्घावधि औसत (एलपीए) 254.9 मिमी का 64 % है।

**ग) भारी वर्षा की घटनाएँ:**

| **जारी की गई चेतावनी** | **भारी/बहुत भारी वर्षा की घटनाओं की संख्या (>64.4 मिमी): 306** |
|---|---|
| | **वर्षा के लिए सही प्रतिशत (% में)> 64.4 मिमी** |
| दिन 1 / 24 घंटे | 80 |
| दिन 2 / 48 घंटे | 80 |
| दिन 3 / 72 घंटे | 80 |

**घ) तापमान परिदृश्य** :

पूरे देश के लिए अगस्त-2023 के महीने का औसत तापमान 28.4 डिग्री सेल्शियस था जो सामान्य से +0.9 डिग्री सेल्शियस अधिक था। 6 अगस्त 2023 को मदुरै (तमिलनाडु) में अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री सेल्शियस और महीने के दौरान देश के मैदानी इलाकों में 27 अगस्त, 2023 को चिकमंगलुरु (दक्षिण आंतरिक कर्नाटक) में 17 डिग्री सेल्शियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

**ङ) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं**:

माह के दौरान (माह की अंतिम तिथि को 08:30 आईएसटी तक) गरजने और ओलावृष्टि की घटनाएं नीचे तालिका में दी गई हैं:

| क्र.सं. | क्षेत्र | तेज गरज/ के साथ तूफान वाले दिन | ओलावृष्टि की घटनाएं | गरजने की घटनाएँ | धूल भरी आंधी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत | 22 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2. | उत्तरी पश्चिमी भारत | 31 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 3. | पूर्वोत्तर भारत | 23 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 4. | पूर्वी भारत | 24 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 5. | मध्य भारत | 24 | शून्य | शून्य | शून्य |
| 6. | पश्चिमी भारत | 7 | शून्य | शून्य | शून्य |

**जारी किए गए बुलेटिन/ चेतावनी /प्रेस विज्ञप्तियां:**

अखिल भारत मौसम बुलेटिन:- 124, अखिल भारत में प्रतिकूल मौसम का अनुमान और चेतावनी:- 124, संपूर्ण भारत में साप्ताहिक मौसम रिपोर्ट:- 5, अगले 5 दिनों तक साइक्लोजेनेसिस पूर्वानुमान के साथ दैनिक उष्णदेशीय मौसम पूर्वानुमान: 28, 1-3 अगस्त के दौरान विशेष उष्णकटिबंधीय मौसम आउटलुक: 11, 1-3 अगस्त के दौरान राष्ट्रीय बुलेटिन: 11, प्रतिकूल मौसम पूर्वानुमान कार्यक्रम के तहत अगले 5 दिनों के लिए दैनिक प्रतिकूल मौसम दिशानिर्देश: 31, अगले 2 सप्ताह के लिए साइक्लोजेनेसिस के लिए साप्ताहिक विस्तारित रेंज आउटलुक: 5 , अगले 5 दिनों के लिए उत्तरी हिंद महासागर में मछुआरों के लिए दैनिक चेतावनियाँ: 31, भारतीय नौसेना बेड़े के लिए अगले 12 घंटों का पूर्वानुमान: 62, अगले 36 घंटों के लिए वैश्विक समुद्री संकट सुरक्षा प्रणाली के तहत गहरे समुद्र में जहाजों के लिए बुलेटिन: 62, पश्चिमी और मध्य हिमालयी क्षेत्र के लिए पर्वतीय (Mt) मौसम बुलेटिन:- 62, भारतीय सेना (50(I) पैराशूट (PARA) ब्रिगेड द्वारा संचालित माउंट माना अभियान के लिए अभियान पूर्वानुमान बुलेटिन : 6, वर्तमान तापमान स्थिति और लू चेतावनी बुलेटिन: -31, माह के दौरान जारी प्रेस विज्ञप्ति: - 39

**प्रकाशन और प्रचालन रिपोर्टें:**

1. जुलाई 2023 के महीने के लिए जलवायु सारांश जारी किया गया।

2. अगस्त 2023 के महीने के लिए अल निनो सदर्न ऑशिलेशन (ईएनएसओ) बुलेटिन और अगस्त से नवम्बर 2023 की अवधि दक्षिण एशिया ऋतुनिष्ठ जलवायु आउटलुक जारी किए गए।
(त्वरित लिंक: www.imdpune.gov.in/Clim_Pred_LRF_New/Products.html)

3. डिजिटल करंट वेदर इंडिकेशन सिस्टम (DCWIS) और प्रेजेंट वेदर डिटेक्टर (PWD) सिस्टम मुरादाबाद हवाई अड्डे (रनवे (RWY) 12) और सूरत हवाई अड्डे (RWY 22) पर स्थापित किए गए।
4. प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी), चेन्नई के तहत मुंबई हवाई अड्डे (RWY 32), जुहू हवाई अड्डे (RWY 08), एमसी तिरुवनंतपुरम के कालीकट हवाई अड्डे (RWY 10&28) और सलेम (RWY 04), कोयंबटूर (RWY 23), मदुरै (RWY 27) पर प्रेजेंट वेदर डिटेक्टर सिस्टम स्थापित किए गए । ।
5. 23 शोध पत्र प्राप्त हुए और 10 शोध पत्र प्रकाशन प्रभाग द्वारा स्वीकार किए गए।

**भूकंपविज्ञानीय प्रेक्षण नेटवर्क**

| प्रेक्षण का प्रकार | अब तक स्थापित | माह के दौरान डेटा रिपोर्टिंग |
|---|---|---|
| भूकंप पूर्वानुमान केन्द्र | 153 | 123 |

**भूकंप और सुनामी की निगरानी**

भूकंप:
भारतीय क्षेत्र में 130 भूकंपों की निगरानी की गई, जिसमें से 6 भूकंपों की तीव्रता 5.0 से अधिक थी।

सुनामी**:**
इस माह के दौरान सुनामी उत्पन्न कर सकने की क्षमता वाला कोई समुद्र तलीय भूकंप (6 से अधिक तीव्रता वाला) नहीं आया।

**समुद्र प्रेक्षण प्रणाली**

| प्लेटफॉर्म का प्रकार | माह के दौरान आरंभ किये गये | माह के दौरान प्राप्त डेटा |
|---|---|---|
| अर्गो फ्लोट्स | 80 | 42 |
| मूरेड बुवॉय | 19 | 14 |
| टाइड गेज | 36 | 33 |
| उच्च आवृत्ति (HF) राडार | 10 | 8 |
| एकॉस्टिक डॉपलर करंट प्रोफाइलर (ADCP) | 20 | 17 |
| सुनामी बुवॉय | 7 | 2 |
| वेव राइडर बुवॉय | 16 | 10 |

**समुद्र विज्ञान सेवाएँ**

| क्र.सं. | पूर्वानुमान के प्रकार | महीने के दौरान जारी की गई परामर्शिकाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | इंटीग्रेटेड पोटेंशियल फिशिंग जोन (PFZ) एडवाइज़री (सी सर्फेस टेम्परेचर (SST), क्लोरोफिल, विंड)। | 27 |
| 2. | टूना मछली पकड़ने की परामर्शिकाएं | 3 |
| 3. | समुद्री दशा का पूर्वानुमान (OSF) लहरें, पवन,धारा, एसएसटी(समुद्र तल का तापमान), MLD (मिश्रित परत की गहराई)और D20 पूर्वानुमान | 31 |

| क्र.सं. | पूर्वानुमान के प्रकार | महीने के दौरान जारी की गई परामर्शिकाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 4. | रियल टाइम वैश्विक समुद्र विश्लेषण (दैनिक) | 30 |
| 5. | कोरल विरंजन चेतावनी प्रणाली | 11 |

**आउटरीच एवं जागरुकता**

- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय एवं इसके संस्थानों ने गणतंत्र दिवस मनाया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर एवं आईएमडी वेबसाइट के माध्यम से अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा में लगभग 5 मिनट अवधि के मौसम पूर्वानुमान सम्बन्धी वीडियो प्रतिदिन जारी किए।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा वेबसाइट एवं सोशल मीडिया (फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि) के माध्यम से प्रत्येक गुरूवार को विस्तृत अवधि पूर्वानुमान (दो सप्ताह तक का) सम्बन्धी साप्ताहिक वीडियो जारी किये गए।
- देशभर में पूर्वानुमानकर्ताओं द्वारा दैनिक साक्षात्कार दिए गए।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग के प्रादेशिक कार्यालयों द्वारा नियमित रूप से पूर्वानुमान वीडियो क्षेत्रीय भाषाओं में जारी किए गए थे।
- ग्राफिक युक्त बुलेटिन एवं चेतावनी सोशल मीडिया समेत फेसबुक, ट्विटर, इंस्ट्राग्राफ, यूट्यूब एवं आईएमडी ब्लॉग पेज के माध्यम से भी जारी किए गए।
- ई-वेस्ट प्रबंधन के बारे में जागरुकता फैलाने और विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए दिनांक 22 अगस्त 2023 को आईआईटीएम, पुणे द्वारा मॉर्डन कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स, पुणे में निबंध लेखन एवं इंस्टा-रील मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की।
- 'हर घर तिरंगा - आजादी का अमृत महोत्सव' के हिस्से के रूप में, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सभी कर्मचारियों ने दिनांक 7 अगस्त 2023 को ध्वारोहण करते हुए राष्ट्रगान गाया।
- आईआईटीएम की श्रुति सैनी को यूनियन रेडियो-साइंटिफिक इंटरनेशनल/ इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेडियो साइंस 2023, 19-26 अगस्त 2023, सैप्पोरो, जापान में वेव प्रोपोगेशन एवं रिमोट सेंसिंग में युवा वैज्ञानिक पुरस्कार के लिए चुना गया।
- विभिन्न महाविद्यालयों / संस्थानों / विश्वविद्यालयों / विद्यालयों के विद्यार्थियों ने आईआईटीएम एवं इंकॉइस का दौरा किया।
- भारत के पूर्वी एवं पश्चिमी तट, अंडमान एवं निकोबार दीपसमूहों के लिए इंकॉइस द्वारा एक सौ उनसठ (159) ऊंची लहर / महातरंग महोर्मि चेतावनी / अशांत सागर चेतावनियां जारी की गईं।
- इकतीस (31) दिनों तक एलगल ब्लूम सूचना सेवा जारी गई।

**प्रकाशन**

| विषय | प्रकाशन | | | पीएचडी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **अप्रैल 2023 - जुलाई 2023** | **अगस्त 23** | **कुल** | **अप्रैल 2023 - जुलाई 2023** | **अगस्त 23** | **कुल** |
| वायुमण्डलीय विज्ञान | **56** | 10 | **66** | **7** | - | **7** |
| समुद्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | **36** | 6 | **42** | **2** | - | **2** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ध्रुवीय विज्ञान | **7** | 4 | **11** | **-** | - | **-** |
| भूविज्ञान एवं संसाधन | **18** | 6 | **24** | **2** | 2 | **4** |
| **कुल** | **117** | **26** | **143** | **11** | **2** | **13** |

**पेटेन्ट: 2**

**माह के दौरान समुद्री अनुसंधान पोतों का उपयोग**

| **जलपोत** | **समुद्र पर दिन / उपयोग** | **अनुरक्षण / निरीक्षण / वैज्ञानिक लॉजिस्टिक / क्रूज तैयारी** | **क्रूज की संख्या** |
|---|---|---|---|
| सागर निधि | 15 | 16 | 1 |
| सागर मंजूषा | 10 | 21 | 1 |
| सागर तारा | 14 | 17 | 1 |
| सागर अन्वेषिका | 13 | 18 | 1 |
| सागर कन्या | 0 | 31 | 0 |
| सागर सम्पदा | 0 | 31 | 0 |

**अनुलग्नक II**

एमओईएस/20/01/2017-स्था.
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

पृथ्वी भवन, लोधी रोड
नई दिल्ली 110 003
दिनांक: 12सितंबर, 2023

प्रमाण पत्र

(माह अगस्त 2023 के लिए)

प्रमाणित किया जाता है कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से संबंधित सभी पदों के संबंध में विस्तृत स्थिति अगस्त,2023 माह के अंतिम दिन एवीएमएस पर अपडेट कर दी गई है। स्थिति का सार विवरण नीचे दिया गया है:-

| | |
|---|---|
| (क) एवीएमएस में दर्ज किए जाने हेतु अपेक्षित पदों की कुल संख्या | -13 |
| (ख) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार भरे हुए पदों की संख्या | -11 |
| (ग) आज की तारीख की स्थिति के अनुसार पूर्णत: रिक्त पदों की संख्या | -02 |
| (घ) अतिरिक्त प्रभार व्यवस्था के अधीन पदों की संख्या | -00 |
| (ङ) आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले पदों की संख्या | -02 |

(देवकी नंदन सारस्वत)
अवर सचिव
dn.saraswat@nic.in